कपड़ा उद्योग को मिला 4600 करोड़ रुपये का कर्ज

लखनऊ। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और सीआरआईएफ हाई मार्क ने प्रदेश के छोटे व मझोले उद्योगों की दशा पर अपनी रिपोर्ट उद्योग स्पॉटलाइट तीसरा संस्करण लॉन्च किया। इसके मुताबिक कपड़ा उद्योग को दिए गए कुल कर्ज का 95 फीसदी छोटे व मझोले उद्यमों को मिला है। जबकि यूपी के कपड़ा उद्योग का क्रेडिट पोर्टफोलियो (कर्ज) लगभग 4600 करोड़ रुपये रहा है।

वर्तमान में प्रदेश में 10 हजार से ज्यादा कपड़ा व परिधान उद्योग इकाइयां कार्यरत हैं। सिडबी के अध्यक्ष शिव सुब्रमणियन रमण और सीआरआईएफ इंडिया के प्रबंध निदेशक नवीन चंदानी ने बताया कि पिछले कुछ सालों से परिधानों ने निर्यात के लिहाज से अच्छा योगदान दिया है। इसके बाद घरेलू कपड़े और वस्त्र का स्थान है। हालांकि, दिसंबर 2020 तक निर्यात 25 फीसदी कम रहा है। ब्यूरो